# उदयपुर की तकनीक से रतलाम में पकड़े जाए आवारा श्वान

रतलाम। शहर में काफी संख्या में कुत्तों की तादात काफी बड़ गई है। नगर निगम द्वारा कुत्ता पकड़ने के वाहन की सुविधा बंद होने से यह समस्या

**▶ भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने पत्र लिखकर की मांग**

बढ़ती जा रही है। निगम के दल द्वारा धरपकड़ के तरीको का आमजन एवं मीडिया में विरोध होता है, इसलिए राजस्थान के उदयपुर में अमल किए जा रहे तरीके से श्वानो को पकड़ा जाए।

यह मांग भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर की है। उनके अनुसार श्वानों की



आबादी दीपावली के बाद और बढ़ेगी, क्योंकि इनका प्रजनन साल में दो बार होता हैं। रतलाम नगर निगम द्वारा वर्तमान में कुत्ते पकड़ते समय उन्हें घसीटते हुए ले जाया जाता हैं, जिस पर आम जनता एवं जीव प्रेमी नाराजगी जाहिर करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि उदयपुर में नगर निगम कुत्तों को एक विशेष जाल डालकर पकड़ती है। इससे कुत्तों को कही चोट नहीं लगती हैं। उन्हें आसानी से पकड़कर नसबंदी कराकर शहर से बाहर कुछ दिनों के लिए कुत्ता शाला में छोड़ दिया जाता हैं। श्री सोनी ने प्रशिक्षण के लिए रतलाम से एक टीम उदयपुर भेजने की मांग करते की।

## बालिका को घर से जाते वक्त काटा

मंडल अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि पंकज जैन की गुड़िया को आवारा कुत्तों द्वारा एक घर से दूसरे घर पर जाते वक्त घेरकर बुरी तरह से काटा गया। पंकज द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम को की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे शहर में आम जन रोज कुत्तो के आतंक का शिकार हो रहे है।

नवभारत

नवभारत २४/७/२१

# उदयपुर की तकनीक से पकड़े जाएं श्वान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। वर्षाकाल के दौरान शहर में लगातार कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर के गली-मोहल्लों, कालोनियों, प्रमुख चौराहों पर झुंड के रूप में स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा कुत्ता पकड़ने के वाहन की सुविधा बंद होने से यह समस्या बढ़ती जा रही है। निगम के दल द्वारा धरपकड़ के तरीको का आमजन व मीडिया में विरोध होता है, इसलिए राजस्थान के उदयपुर में अमल किए जा रहे तरीके से श्वानो को पकड़ा जाए।

यह मांग भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर की है। उन्होंने बताया कि श्वानों की आबादी दीपावली के बाद और बढ़ेगी, क्योंकि इनका प्रजनन साल में दो बार होता हैं। नगर निगम द्वारा वर्तमान में कुत्ते पकड़ते समय उन्हें घसीटते हुए ले जाया जाता हैं, जिस पर आमजनता व जीव प्रेमी नाराजगी जाहिर करते हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि उदयपुर में नगर निगम कुत्तों को एक विशेष जाल डालकर पकड़ती है= इससे कुत्तों को कहीं चोट नहीं लगती हैं। उन्हें आसानी से पकड़कर नसबंदी कराकर शहर से बाहर कुछ दिनों के लिए कुत्ता शाला में छोड़ दिया जाता हैं। सोनी ने प्रशिक्षण के लिए रतलाम से एक टीम उदयपुर भेजने की मांग की हैं। इससे रतलाम नगर निगम का अमला भी जाल डालकर कुत्तों को पकड़ सकेगा। उसके तरीकों पर कोई जनआक्रोश नहीं होगा और आमजन को श्वानों के आंतक से राहत मिल जाएगी।

## गुड़िया को बुरी तरह नोचा

मंडल अध्यक्ष सोनी ने बताया कि पंकज जैन की गुड़िया को कुत्तों द्वारा एक घर से दूसरे घर पर जाते वक्त घेरकर बुरी तरह से काटा गया। पंकज द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम को की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे शहर में आमजन रोज कुत्तों के आतंक का शिकार हो रहे हैं। नई

नईदुनिया २४/७/२१

# डेंगू से ही निकला तीसरी लहर की तैयारियों का दम

## बाल चिकित्सालय के बरामदे में चल रहा बच्चों का उपचार

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं के चलते बाल चिकित्सालय में बच्चों के उपचार के लिए की गई व्यवस्था वायरल बुखार और डेंगू नाकाफी साबित हो रही है। तीसरी लहर की तैयारी का का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की तैयारियों की हकीकत बीमार बच्चों से खचाखच भरे बाल चिकित्सालय की हालत से पता की जा सकती है। जिला मुख्यालय पर बच्चों के अस्पताल में बच्चों को वार्ड तो ठीक बरामदे में भी जगह नसीब नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि 12 दिन पहले ही प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने बाल चिकित्सालय में 65 बेड के नवनिर्मित वार्ड का लोकार्पण किया था, लेकिन बाल चिकित्सालय के सभी बेड फुल हो चुके है। एक बेड पर दो - दो बच्चों को उपचार देने की नौबत आ गई है।



### मौसमी बीमारियों में यह है हाल तो तीसरी लहर का कैसे करेंगे सामना

जिले में लगातार बढ़ती वायरल बुखार और डेंगू के मरीजों की संख्या के चलते स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होती नजर आ रही है। ऐसे में कही यह तीसरी लहर आती है, तो मौजूदा व्यवस्था नाकाफी साबित होगी। हालाकि ज़िले के सी एम एच ओ डॉक्टर प्रभाकर नानावरे 15 दिन में डेंगू और वायरल बीमारियों के खत्म होने की बात कह रहे हैं और तीसरी लहर से निपटने के लिए की गई तैयारियों को पर्याप्त भी बता रहे हैं। लेकिन वर्तमान में बाल चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में बन रहे हालात को देखते हुए तीसरी लहर से निपटने की तैयारियां अधूरी ही दिखाई पड़ती है। दरअसल कोरोना की दूसरी लहर के बाद स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जनभागीदारी से बाल चिकित्सालय का रिनोवेशन कर 65 बेड के अत्याधुनिक वार्ड तैयार करवाए थे, जिसका लोकार्पण 12 सितंबर को जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदोरिया ने किया था, लेकिन लोकार्पण के 12 दिनों में ही बाल चिकित्सालय के सभी बेड फुल हो चुके हैं। बाल चिकित्सालय में बच्चों के उपचार के लिए जगह नहीं बची है। यहां एक बेड पर दो बच्चे और कई बच्चों को नीचे लेटा कर उपचार देना पड़ रहा है।

## जिले में 10 दिनों में डेंगू से 2 वयस्क और 3 बच्चों ने तोड़ा दम



जिले में डेंगू की रफ्तार बेकाबू होती जा रही है। रतलाम जिले में अब डेंगू जानलेवा साबित हो रहा है। बीते दो दिनों में रतलाम शहर में दो महिलाओं की मौत डेंगू की वजह से हुई है, वहीं पिछले दिनों रतलाम के नामली, सेमलिया और रावटी में तीन बच्चों की मौत डेंगू से हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में जिले में अब तक एक भी मौत डेंगू से नहीं होना बताया जा रहा है। भाजपा नेता मनोहर पोरवाल की भतीजी पल्लवी पोरवाल की मृत्यु मंगलवार को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी, जिसके बाद भाजपा नेता उमेश झालानी की पुत्र वधू राशि झालानी की मृत्यु भी बुधवार को रतलाम के निजी अस्पताल में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों को डेंगू होने की वजह से अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया था। बुधवार को रतलाम में 5 डेंगू के मरीज सामने आए हैं। जिले में अब तक 331 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं 115 बच्चे भी डेंगू से पीड़ित हुए हैं।

जिले में सबसे पहले रतलाम हॉस्पिटल में भर्ती युवक की मौत का मामला सामने आया था, जिसे डेंगू के लक्षण पाए जाने पर रतलाम के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जिसके बाद जिले के सेमलिया गांव में 12 वर्षीय हरिओम सोलंकी, नामली के स्टेशन रोड़ निवासी 14 वर्षीय काजल सोलंकी और रावटी निवासी 15 वर्षीय नमन ग्वालियरी की मौत डेंगू की वजह से हो चुकी है, वहीं अब रतलाम शहर में 28 वर्षीय पल्लवी पोरवाल और 35 वर्षीय राशि झालानी की मृत्यु भी डेंगू से होना बताई जा रही है। तीनों बच्चों सहित अन्य मरीजों के डेंगू एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आए थे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अब तक डेंगू से एक भी मौत की पुष्टि नहीं की गई है।

100 से अधिक रेल परिवार डेंगू से पीड़ित

# न गाजर घांस काट रहे न ही जमा पानी हटा रहे

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में अब तक 300 से अधिक डेंगू मरीज सामने आ चुके है। रैली से निकालने से लेकर माइक पर प्रचार करके इस बीमारी के प्रति सतर्कता जताई जा रही है। इन सब के बीच अब तक 100 से अधिक डेंगू मरीज रेल परिवार के सामने आ गए है, लेकिन रेलवे का स्वास्थ्य विभाग इस मामले में उदासिन बना हुआ है। न तो गाजर घांस काटी जा रही है नहीं जमा पानी को हटाया जा रहा है।

रेलवे में 16 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन हकीकत अलग है। रेलवे कॉलोनी, खेल मैदान से लेकर गलियों में गदंगी कायम है। इसको दूर करने के लिए अब तक कदम नहीं उठाए गए है। इससे रेल कर्मचारियों में नाराजी बढ़ रही है।





## बदबू आ रही पानी में से

रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान को कोरोना काल के दौरान से बंद किया हुआ है। बारिश के बाद यहां पर पानी भर गया है। अब यह पानी बदबू देने लगा है। रहवासियों के अनुसार इस जमा पानी में मच्छर हो रहे है, लेकिन बोलने के बाद भी रेल प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## हम करेंगे सेवा

हम बार बार इस मामले को उठा रहे है। अगर रविवार तक रेलवे ने रेलवे कॉलोनी व खेल मैदान में स्वच्छता नहीं की तो हमारी युवा टीम स्वयं इसको साफ करेगी। - **नरेंद्रसिंह सोलंकी**, सहायक मंडल मंत्री, वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन

## यहां जमा है गंदगी

रेलवे कॉलोनी में स्थित जीआरपी चौकी के बाहर ही गंदगी एक सप्ताह से जमा है। इसको उठाने अब तक कोई नहीं आया है। पुलिस चौकी में काम करने वाले पुलिसकर्मी भी डेंगू से पीड़ित हो गए है, लेकिन अब तक रेलवे ने यहां की गंदगी को हटाना जरूरी नहीं समझा है। ऐसे में बीमारी बढ़ती जा रही है।

## बेहतरी का प्रयास जारी

रेलवे में लगातार बेहतरी का प्रयास जारी है। स्वच्छता अभियान जारी है। अगर कही कमी है तो इसकी सूचना दी जा सकती है। तुरंत कार्रवाई की जाएगी। - **खेमराज मीणा**, मंडल रेलवे प्रवक्ता

पत्रिका

पत्रिका २४/९/२१

रामनगर के रहवासी भी मुआवजे की मांग को लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट

# 262 लोगों को 16 लाख से अधिक का मुआवजा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में गत दिनों भारी बारिश से मची तबाही के बाद अब प्रशासन पीड़ित परिवारों को राहत देने के काम में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर रामनगर क्षेत्र के रहवासी बारिश से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की पूरी राशि की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेत्री के साथ तहसीलदार गोपाल सोनी से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा।

बीते 4 दिनों में प्रशासनिक अमले द्वारा लगभग 300 घरों का सर्वे कार्य पूरा करने के साथ ही 262 पीड़ित परिवारों से जुड़े व्यक्तियों के बैंक खातों में 16 लाख 26 हजार 600 रुपए की मुआवजा राशि जमा कराई गई है। सर्वाधिक राशि 85000 करीब नर्मदाबाई को दिए गए हैं।

बारिश का पानी घरों में आने से होने वाले नुकसान को लेकर शासन प्रशासन द्वारा नुकसानी पर 5-5 हजार की मुआवजा राशि देने का प्रावधान होना बताया जा रहा है। उसके मुताबिक कई परिवारों को मुआवजे की राशि बैंक खातों के माध्यम से उन तक पहुंच चुकी है। वहीं शेष जो लोग मुआवजे से वंचित हैं, उन्हें भी अब जल्द ही सर्वे कार्य पूरा होने के साथ मुआवजा राशि मिल जाएगी। हालांकि यह राशि कम है लेकिन फिलहाल की स्थिति में काफी राहत देने वाली है। पत्रिका

शहर के रामनगर क्षेत्र के रहवासी मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस नेत्री अदिति दवेसर और बबीता नागर के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और यहां पर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया गया कि तेज बारिश उक्त लोगों के घर में करीब छह फीट तक पानी आ गया था जिससे काफी नुकसान और आर्थिक क्षति हुई। ऐसे में यहां के रहवासी अभी इस स्थिति में नहीं है की पूरे घर का सामान बसा सके।

पत्रिका २५/७/२१

# जलभराव वाले क्षेत्रों का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण

## डेंगू से बचाव हेतु एकत्रित जल निकासी व विशेष सफाई के दिये निर्देश



**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

नगर के ऐसे क्षेत्र जहां दो दिवस पूर्व हुई मूसलाधार बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां एकत्रित वर्षा के पानी की निकासी व विशेष सफाई कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पटरी पार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण निगम अधिकारियों के साथ कर एकत्रित पानी की निकासी, कीटनाशक दवा छिड़काव व विशेष सफाई कराने के निर्देश संबंधितों को दिये ताकि डेंगू, मलेरिया व वर्षा जनित बीमारियों को रोका जा सकें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रातः जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूसलाधार बारिष से उत्पन्न हुई समस्याऐं नागरिकों से जानकार निर्देशित किया कि एकत्रित बारिश के पानी की निकासी के समुचित प्रबंध किये जाये साथ ही बारिश के पानी के बहाव के साथ आई कचरा, गंदगी व कीचड़ की विशेष सफाई त्वरित गति से करवाई जाये साथ ही सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जाये।

जवाहर नगर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के पीछे निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया कि कतिपय नागरिकों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से कहा कि वे कचरा डालने वाले का फोटो लेकर मुझे व्हाट्स एप भेजें संबधितों के विरूद्ध उनके घर-दुकान जाकर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

जनता कालोनी के निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया गया कि नाले पर अतिक्रमण होने से काफी संकरा हो गया है इससे बारिश का पानी रहवासी क्षेत्रों में भरता है, इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट की जाये। जनता कालोनी के पीछे वाली लाईन में कुछ कच्चे शौचालयों की जानकारी प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने शौचालयों का सर्वे कर संबधितों को नोटिस दिये जाने के भी निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड दरोगा आदि उपस्थित थे।

सिंघम-23

सिंघम 23/7/21

संकलन-नगर निग...

दिनांक.......................2021

**डेंगू से स्वास्थ्य व्यवस्था ने तोड़ा दम: सीएमएचओ बोले 15 दिन में खत्म हो जाएगा**

# बच्चे को भर्ती करने निडिल, टेप और इंजेक्शन भी बाहर से बुलवाए

पत्रिका बिग इश्यू





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. डेंगू के आगे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लगता है अब घुटने टेक दिए हैं। मरीजों की हर दिन बढ़ती संख्या के बाद अब जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालात यह हो गए हैं कि बाल चिकित्सालय में बच्चे को भर्ती करने के लिए निडिल, इंजेक्शन और टेप भी मरीज के परिजनों को बाहर के मेडिकल स्टोर से लाना पड़ रही है जो कि अस्पताल की बदहाली और सरकारी दावों की पोल खोलने के लिए काफी है।

इतना ही नहीं अब तो हर दिन डेंगू से मौत की खबरें भी सामने आ रही हैं लेकिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने इस पर चुप्पी साध रखी है। अस्पतालों में कम पड़ती जगह के बीच जब उनसे तीसरी लहर की संभावनाओं पर चर्चा की तो वह भविष्यवक्ता बन बोल बैठे कि डेंगू तो 15 दिन में खत्म हो जाएगा और उसके बाद अस्पताल में बेड फिर खाली हो जाएंगे, फिलहाल जिले में कोरोना का एक भी केस नहीं है।

## 335 मरीजों की संख्या

जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर अब 335 के करीब हो गई है। हालांकि यह आंकड़ा सिर्फ सरकारी और दिखावे का है और वास्तविकता इसके उलट ही नजर आ रही है लेकिन उन सब को सिरे से खारिज करते हुए स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि अन्य मरीज वायरल फीवर और अन्य बीमारियों के हैं। जिले में 220 के करीब बड़े लोगों को डेंगू होना बताया जा रहा है 115 बच्चों में डेंगू की पुष्टि की जा रही है।

बाल चिकित्सालय में गुरुवार को मंदसौर निवासी कयूम पिता रजाक खान, उम्र 12 वर्ष को भर्ती किया गया। बालक रतलाम के बंजली में अपने मामा के यहां आया था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसकी डेंगू की जांच के लिए कहा गया लेकिन सरकारी लैब पर भीड़ होने से परिजन निजी लैब गए और जांच करा कर लाए डेंगू की पुष्टि होना पाई गई।

> फिलहाल मौसमी बीमारियों के साथ डेंगू चल रहा है, 15 दिन में यह खत्म हो जाएगा इसके बाद अस्पतालों में जगह हो जाएगी, जिले में वर्तमान में कोविड कोई केस नहीं है, यदि तीसरी लहर आती भी है तो उसके पहले अस्पताल में बेड खाली हो जाएंगे। **- डॉ प्रभाकर ननावरे,** सीएमएचओ

### बोतल लगानी है तो सुई लाओ

डेंगू की रिपोर्ट आने के बाद चिकित्सक द्वारा बच्चे को बाल चिकित्सालय में भर्ती करने के लिए कहा गया तो परिजन जब उसे भर्ती करने लगा है तो कभी उसे स्टाफ ऊपर भर्ती होने की बात कहता तो ऊपर जाने पर वहां का स्टाफ नीचे भर्ती होने का हवाला देकर भेज देते। जब परिजनों ने नाराजगी जाहिर की तो बच्चे को ऊपर वार्ड के बाहर जगह दी गई लेकिन उपचार के लिए इंजेक्शन, निडिल और हाथ पर लगाने के लिए टेप बाहर मेडिकल स्टोर लाने के लिए कहा गया जिस पर परिजन बाहर स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेकर आए और उपचार शुरू कराया।

पत्रिका 24/9/21

# कुत्तों का आतंक



रतलाम, नप्र। शहर में आवारा श्वानं की तादात बढ़ती जा रही है। गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में अभी तक तो श्वान की इतनी तादात नहीं थी लेकिन यकायक झूंड के रूप में बड़ी तादात में दिखाई देने लगे है।

नगरवासियों को फिर से श्वानं का डर सताने लगा है। नगर में हर कहीं झूंड के रूप में एक साथ घूमते-फिरते रहते है। लोग उस समय खौफ खा जाते है जब श्वान का यह झूंड यकायक ही राह चलते लोगों पर भौंकने लगता है।

ऐसे हालात में पैदल आने जाने वाले लोगों के अलावा खासी परेशानी वाहन चालकों के सामने खड़ी हो रही है जिनके पीछे श्वान ऐसे लपकते है कि काफी दूर तक पीछा नहीं छोड़ते है जिसके चलते कई बार तो वाहन चालक या तो दुर्घटना का शिकार हो जाते है या फिर इनके काटने का। प्र.की. 23

प्रभातकिरण / 23/9/21

# डेंगू के डंक से बच्चे और बड़े सभी पस्त, 24 नए मामले

## बीमारी का प्रकोप : सरकारी और निजी अस्पताल में बेड फुल, जमीन पर लेटकर उपचार ले रहे मरीज





जिला अस्पताल में जमीन पर लेटकर उपचार ले रहे मरीज। ●नईदुनिया



रतलाम में फागिंग करते हुए नगर निगम का अमला। ●नईदुनिया



निजी नर्सिंग होम व पैथालाजी संचालक की बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ●नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में डेंगू के डंग से बच्चे और बड़े सभी पस्त हो रहे हैं। हर दिन डेंगू बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी और निजी अस्पतालों में बेड फुल हो गए हैं। महंगे अस्पतालों में उपचार कराने से वंचित लोग सरकारी अस्पतालों में फर्श पर लेटकर उपचार ले रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल लैब की एलाइजा जांच की 27 रिपोर्ट में पांच और मेडिकल कालेज की लैब की 37 रिपोर्ट में 19 नए मरीज मिले। 24 नए मरीजों की एलाइजा जांच में पुष्टि की गई। जिले में अब तक एलाइजा जांच से 364 डेंगू मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। किट जांच का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है।

जिला अस्पताल में मरीजों को बेड नहीं मिलने से जमीन पर लेटकर उपचार लेना पड़ रहा है। मेडिकल कालेज के चार डेंगू वार्डों में 230 मरीज भर्ती हैं और लगातार नए मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही हैं। शहर के 467 घरों के सर्वे में 43 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। गुरुवार को भी किट जांच में 50 नए मरीज सामने आए हैं, जो मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में उपचार लेने पहुंचे। सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि मरीज तो तेजी से बढ़ रहे हैं। इनमें डेंगू के साथ मौसमी बुखार के भी हैं। जिला अस्पताल में बेड कम पड़ने के कारण मेडिकल कालेज में चार वार्ड बनाए गए हैं। कोशिश है कि सभी मरीजों को समुचित उपचार मिले। अब मरीज इस तरह बढ़ रहे हैं कि व्यवस्था को संभालना कठिन हो रहा है। लोगों को उपचार लेने के साथ मच्छरों से बचाव के उपाय भी करना होगा। सहायक मलेरिया अधिकारी एनएस वसुनिया ने बताया कि शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे के साथ दवा छिड़काव हो रहा है। नए मरीज मिल रहे हैं, इसका कारण वर्तमान मौसम है। डेंगू का लार्वा पनप रहा है और मच्छर पैदा हो रहे हैं। सर्वे के दौरान लार्वा मिल रहा है, जिसे नष्ट कराया जा रहा है।

### बुखार से बालिका की मौत, स्वजनों ने उपचार पर्ची के लिए किया हंगामा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल के बाल चिकित्सालय यूनिट के पीयूआइसीयू में गुरुवार सुबह बुखार से एक छह साल की बालिका की मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों ने डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ पर गलत इंजेक्शन लगाने से मौत का आरोप लगाया और उपचार पर्ची जो अस्पताल के रिकार्ड जमा होती है देने की मांग करते हुए दो घंटे तक हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने आकर हस्तक्षेप किया तब मामला शांत हुआ। इस बीच स्वजनों ने जमकर हंगामा भी किया।

डा. नावेद कुरैशी ने बताया कि शहर के अशोकनगर से गुरुवार सुबह 6:30 बजे फरहा नाम की बालिका को गंभीर बुखार की हालत में लाया गया था। उसे उल्टी-दस्त भी हो रही थी। इमरजेंसी में भर्ती करने के बाद पीयूआइसीयू में लाया गया। हालत को देखते हुए बालिका को इंदौर ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन स्वजनों ने लिखकर दिया की हमें यही उपचार कराना है। इसके बाद उपचार चालू हुआ और इस बीच बचाव के लिए इंजेक्शन दिए गए। उपचार के दौरान बालिका को दो झटके आए और 8:50 बजे मृत्यु हो गई। लगभग ढाई घंटे उपचार के बाद बालिका को नहीं बचाया जा सका। डाक्टर ने बताया कि बालिका की मौत के बाद स्वजन यह आरोप लगाने लगे कि गलत इंजेक्शन से मौत हो गई है और हमने समझाने का प्रयास किया तो हंगामा करने लगे। पुलिस को बुलाया गया, तब मामला शांत हुआ। स्वजनों से कहा कि पीएम करा ले तो सच्चाई सामने आ जाएगी। डाक्टर ने कहा कि हमने तो ठीक होने के लिए इंजेक्शन लगाया था। स्वजन उपचार पर्ची मांग रहे थे, जिसे हम सीधे नहीं दे सकते है। हमने प्रक्रिया बताई तो सुनने को तैयार ही नहीं थे। इससे सुबह 11 बजे तक माहौल को बिगाड़ा गया, परेशानी हुई। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आगे की जांच पुलिस करेगी।

### नहीं चलेगी मनमानी, डेंगू की जांच की दरें तय

रतलाम। जिले के निजी पैथालाजी लैब संचालकों व नर्सिंग होम संचालकों की बैठक न्यू कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निजी लैब संचालकों की बैठक में कहा कि डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के कारण मरीजों से डेंगू की जांच के लिए मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित शुल्क ही लिया जाए। उल्लेखनीय है कि बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने निजी लैब संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने को लेकर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया था।

कलेक्टर के निर्देश व निजी पैथालाजी लैब संचालकों की सहमति के आधार पर डेंगू संबंधी प्लेटलेट की जांच के लिए 100 रुपये, प्लेटलेट सहित सीबीसी परीक्षण के लिए 250 रुपये, डेंगू की जांच के लिए 600 रुपये, विडाल जांच के लिए 100 रुपये बीएमपी अर्थात मलेरिया परीक्षण के लिए 80 रुपये की राशि का चार्ज निजी पैथोलाजी हेतु निर्धारित किया गया है। इससे अधिक राशि लेने वाले लैब संचालकों के विरुद्ध मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आमजन से आग्रह किया है कि निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज अथवा उनके स्वजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की उपलब्धता व डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। निजी अस्पताल व पैथालाजी लैब संचालकों ने डेंगू से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, ओआइसी हेल्थ डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, निजी नर्सिंग होम व पैथालाजी संचालक उपस्थित रहे।

**स्कूलों में प्रारंभिक पीरियड में स्वास्थ्य शिक्षा देना अनिवार्य**

कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी सात दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड में बच्चों को डेंगू से बचाव के लिए स्कूली शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए। इसमें डेंगू से बचाव के तरीकों की जानकारी विस्तार से दी जाए। विद्यार्थी स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने स्वजनों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी देंगे। सभी आमजन अपने घरों के आसपास पानी एकत्र नहीं होने दें। गमलों में भरे पानी को खाली करें, छत पर पानी बिल्कुल एकत्र ना होने दें। डेंगू का मच्छर रुके हुए पानी में पनपता है। घरों के आसपास यदि पुराने टायर आदि हो तो उनको तत्काल हटा देना चाहिए। कोई भी बुखार होने पर अपने समीपस्थ सरकारी अस्पताल में जांच व उपचार कराएं।

# उम्रदराज कर्मचारियों पर सरकार की नजर

## 20 साल से अधिक की नौकरी और 50 साल से अधिक उम्र वालों की मांगी रिपोर्ट

● भोपाल।

**मध्यप्रदेश ब्यूरोक्रेसी के कामकाज में कसावट लाने और सरकारी कामों को तेज गति से चलाने के साथ ही सरकारी कामकाज में युवाओं को तरजीह देते हुए राज्य सरकार ने सभी विभागों के उम्रदराज कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट मंगवाई है।**

रिपोर्ट के आधार पर सरकार ऐसे कर्मचारी, जो नौकरी में 20 साल पूरे कर चुके हैं या जिनकी उम्र 50 वर्ष के ऊपर है, की रिपोर्ट सही नहीं पाई गई तो उन्हें नौकरी से हटाया जा सकता है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट मंगवाई है। विभाग ऐसे कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट देखेगा और उसके आधार पर निर्णय लेगा कि उन्हें आगे सेवा का मौका दिया जाए या नहीं या फिर उन्हें वीआरएस देकर घर बैठाया जाए। सरकार चाहती है कि हर विभाग में युवा अधिक से अधिक संख्या में आएं, जिससे कामकाज में तेजी आए। अग्निबाण/23

अग्निबाण 23/7/21

# डेंगू से मरते लोग और निजि अस्पतालों की लूट से भयभीत रतलामवासी

अवन्तिका

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले में डेंगू की रफ्तार बेकाबू होती जा रही है । रतलाम जिले में अब डेंगू जानलेवा साबित हो रहा है बीते दो दिनों में रतलाम शहर में दो महिलाओं की मौत डेंगू की वजह से हुई है । वही पिछले दिनों रतलाम के, नामली, सेमलिया और रावटी में तीन बच्चों की मौत डेंगू से हो चुकी है । लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में जिले में अब तक एक भी मौत डेंगू से नहीं होना बताया जा रहा है

भाजपा नेता मनोहर पोरवाल की भतीजी पल्लवी पोरवाल की मृत्यु मंगलवार को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी। जिसके बाद भाजपा नेता उमेश झालानी की पुत्र वधू राशि झालानी की मृत्यु भी बुधवार को रतलाम के निजी अस्पताल में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों को डेंगू होने की वजह से अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया था। बुधवार को रतलाम में 5 डेंगू के मरीज सामने आए हैं । जिले में अब तक 331 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं 115 बच्चे भी डेंगू से पीड़ित हुए हैं ।

जिले में सबसे पहले रतलाम हॉस्पिटल में भर्ती युवक की मौत का मामला सामने आया था। जिसे डेंगू के लक्षण पाए जाने पर रतलाम के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसके बाद जिले के सेमलिया गांव में 12 वर्षीय हरिओम सोलंकी, नामली के स्टेशन रोड निवासी 14 वर्षीय काजल सोलंकी और रावटी निवासी 15 वर्षीय नमन ग्वालियरी की मौत डेंगू की वजह से हो चुकी है। वहीं अब रतलाम शहर में 28 वर्षीय पल्लवी पोरवाल और 35 वर्षीय राशि झालानी की मृत्यु भी डेंगू से होना बताई जा रही है । तीनों बच्चों सहित अन्य मरीजों के डेंगू एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आए थे। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अब तक डेंगू से एक भी मौत की पुष्टि नहीं की गई है।

अवन्तिका 24/9/21

# निजी पेथालॉजी लेबोरेटरी में डेंगू की जांच हेतु की दरें निर्धारित

## कलेक्टर ने पैथालॉजी लेब संचालकों एवं नर्सिंग होम संचालको की बैठक ली

रतलाम। जिले के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने निजी लेब संचालकों की बैठक में कहा कि डेंगू के बढते प्रकरणों के कारण मरीजों से डेंगू की जॉच हेतु मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित शुल्क ही लिया जाए।



कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के निर्देश एवं निजी पैथालॉजी लेब संचालकों की सहमति के आधार पर डेंगू संबधी प्लेटलेट की जॉच हेतु 100 रूपये, प्लेटलेट सहित सीबीसी परीक्षण के लिए 250 रूपये, डेंगू की जॉच हेतु 600 रूपये, विडाल जॉच हेतु 100 रूपये बीएमपी अर्थात मलेरिया परीक्षण के लिए 80 रूपये की राशि का चार्ज निजी पैथोलॉजी हेतु निर्धारित किया गया है। इससे अधिक राशि लेने वाले लेब संचालकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम ने आमजन से आग्रह किया है कि निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज अथवा उसके परिजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की उपलब्धता एवं डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। निजी अस्पताल एवं पैथालॉजी लेब संचालको ने डेंगू से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, ओआईसी हेल्थ डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन तथा निजी नर्सिंग होम संचालक एवं पैथालॉजी संचालक उपस्थित रहे।

### स्कूलों में डेंगू बचाव शिक्षा देना अनिवार्य

कलेक्टर ने जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड में बच्चों को डेंगू से बचाव हेतु स्कूली शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए जिसमें डेंगू से बचाव के तरीको की जानकारी विस्तार से दी जाए। विद्यार्थी स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने परिवार जनों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी देंगे '। सभी आमजन अपने घरों के आसपास पानी इकटठा ना होने दें। गमलों में भरे पानी को खाली करें एवं छत पर पानी बिल्कुल इकटठा ना होने दें।

नवभारत

नवभारत २४/९/२१

## पीएमएवाय के फ्लेटों का डीआरएम ऑफिस में दिया प्रेजेन्टेशन

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एमआईजी व एलआईजी फ्लेट व सुभाषचन्द्र शॉपिंग काम्लेक्स की दुकानों का शीघ्र-अतिशीघ्र हो इस हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी ने रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों डीआरएम ऑफिस के मीटिंग हॉल में इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्मित फ्लेटों व दुकानों का प्रेजेन्टेशन दिया। प्रेजेन्टेशन के माध्यम से रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों को मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एलआईजी व एमआईजी फ्लेट व महू रोड स्थित सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानो को दिखाया गया साथ ही फ्लेट व दुकानों का सुपर बिल्ट अप एरिया, आरक्षित मूल्य, अर्नेस्टमनी राशि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर 5 हजार का जुर्माना

रतलाम। कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग स्थित मकान नम्बर 271 की भवन स्वामी लीला जोषी द्वारा भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित पर 5 हजार का जुर्माना किया गया।

सिंहासन 23/7/21



# निजी पेथालॉजी में डेंगू की जाँच दर निर्धारित की गई

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम जिले के निजी पैथालॉजी लेब संचालकों एवं नर्सिंग होम संचालको की बैठक न्यू कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने निजी लेब संचालकों की बैठक में कहा कि डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के कारण मरीजों से डेंगू की जाँच हेतु मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित शुल्क ही लिया जाए ।

कलेक्टर के निर्देश एवं निजी पैथालॉजी लेब संचालकों की सहमति के आधार पर डेंगू संबधी प्लेटलेट की जाँच हेतु 100 रूपये, प्लेटलेट सहित सीबीसी परीक्षण के लिए 250 रूपये, डेंगू की जाँच हेतु 600 रूपये, विडाल जाँच हेतु 100 रूपये बीएमपी अर्थात मलेरिया परीक्षण के लिए 80 रूपये की राशि का चार्ज निजी पैथोलॉजी हेतु निर्धारित किया गया है। इससे अधिक राशि लेने वाले लेब संचालकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने आमजन से आग्रह किया है कि निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज अथवा उसके परिजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं ।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की उपलब्?धता एवं डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। निजी अस्पताल एवं पैथालॉजी लेब संचालको ने डेंगू से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे, ओआईसी हेल्थ डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा निजी नर्सिंग होम संचालक एवं पैथालॉजी संचालक उपस्थित रहे ।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड में ब%चों को डेंगू से बचाव हेतु स्कूली शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए जिसमें डेंगू से बचाव के तरीको की जानकारी विस्तार से दी जाए। विद्यार्थी स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने परिवार जनों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी देंगे।

सभी आमजन अपने घरों के आसपास पानी इकटठा ना होने दें। गमलों में भरे पानी को खाली करें एवं छत पर पानी बिल्कुल इकटठा ना होने दें। डेंगू का मच्छर रूके हुए पानी में पनपता है। घरों के आसपास यदि पुराने टायर आदि हों तो उनको तत्काल हटा देना चाहिए। कोई भी बुखार होने पर अपने नजदीकि सरकारी अस्पताल में जाँच उपचार कराएं।

राज एक्सप्रेस 24/9/21




# शासकीय सेवकों के पदोन्नति पर मंत्री–समूह जल्द ही बैठक कर लेगा निर्णय : डॉ. मिश्रा

## मंत्रालय में गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई संगठनों की बैठक

### पदोन्नति के संबंध में किया गया विचार–विमर्श

भोपाल, (प्रस)। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि शासकीय सेवकों को उनके सेवाकाल में पात्रतानुसार पदोन्नति के लिए मंत्री समूह जल्द ही बैठक कर निर्णय लेगा।

श्री मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां राज्य मंत्रालय में शासकीय सेवकों को उनके सेवाकाल में पात्रतानुसार पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में भविष्य की नीति निर्धारण के लिए अजाक्स और सपाक्स के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंत्री-समूह के सभी सदस्य एक साथ बैठकर आवश्यक निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया कि लगातार दो बार अजाक्स और सपाक्स के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की गई है। पदोन्नति नियम 2002 और तैयार किये गये पदोन्नति के नवीन नियमों पर तुलनात्मक रूप से विधिसंगत तरीके से विस्तार से बिंदुवार चर्चा की गई। दोनों ही पक्षों ने मंत्री समूह के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखे हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि गुरुवार की बैठक में सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया और स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार मौजूद थे। शीघ्र ही मंत्री-समूह बैठक कर कर्मचारियों को पदोन्नति दिए जाने के संबंध में सकारात्मक निर्णय लेने का सर्व-सम्मति से प्रयास करेंगे।

राज एक्सप्रेस 24/9/21

डेंगू की जांच के लिए तय की दरें, लेबोरेटरी संचालकों की मनमानी से परेशान थे लोग

# डेंगू-मलेरिया की जांच के ज्यादा रुपए वसूले तो होगा एक्शन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में डेंगू के बढ़ते दंश के बीच निजी पेथालॉजी लेबोरेटरी आखिरकार प्रशासन ने गुरुवार को शिकंजा कस दिया। प्रशासन ने लेबोरेटरी संचालकों की मनमानी पर लगाम कसते हुए डेंगू की जांच के लिए दरें तय कर दी हैं। इस संबंध में गुरुवार को जिले के निजी पैथालॉजी लेब संचालकों एवं नर्सिंग होम संचालकों की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निजी लेब संचालकों से कहा कि डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के कारण मरीजों से डेंगू की जांच के लिए मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए निधारित शुल्क ही लिया जाए। कलेक्टर के निर्देश एवं निजी पैथालॉजी लेब संचालकों की सहमति के आधार पर जांच दर तय की गई है। अधिक राशि लेने वाले लेब संचालकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

## 1075 पर कर सकते है शिकायत

कलेक्टर ने आमजन से आग्रह किया है कि निधारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज या उसके परिजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कलेक्टर ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की



उपलब्धता एवं डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। निजी अस्?पताल एवं पैथालॉजी लेब संचालको ने डेंगू से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही।

निजी और सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक पीरियड में डेंगू सं बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा देना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड में बच्चों को डेंगू से बचाव के लिए स्कूली शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए जिसमें डेंगू से बचाव के तरीकों की जानकारी विस्तार से दी जाए।

### डेंगू संबंधी यह रहेगी जांच दर

| राशि | जांच |
|---|---|
| 100 | प्लेटलेट की जांच |
| 250 | प्लेटलेट, सीबीसी |
| 600 | डेंगू जांच के लिए |
| 100 | विडाल जांच |
| 80 | बीएमपी-मलेरिया |

पत्रिका

पत्रिका २४/९/२१

# डेंगू से बचाव हेतु एकत्रित जल निकासी व विशेष सफाई के दिए निर्देश आयुक्त ने

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर के ऐसे क्षेत्र जहां दो दिवस पूर्व हुई मूसलधार बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां एकत्रित वर्षा के पानी की निकासी व विषेश सफाई कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पटरी पार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण निगम अधिकारियों के साथ कर एकत्रित पानी की निकासी, कीटनाशक दवा छिड़काव व विशेष सफाई कराने के निर्देश संबंधितों को दिए ताकि डेंगू, मलेरिया व वर्षा जनित बीमारियों को रोका जा सकें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूसलधार बारिश से उत्पन्न हुई समस्याएं नागरिकों से जानकार निर्देशित किया कि एकत्रित बारिश के पानी की निकासी के समुचित प्रबंध किए जाए साथ ही बारिश के पानी के बहाव के साथ आई कचरा, गंदगी व कीचड़ की विशेष सफाई त्वरित गति से करवाई जाए साथ ही सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जाए।

जवाहर नगर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के पीछे निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया कि कतिपय नागरिकों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है। इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से कहा कि वे कचरा डालने वाले का फोटो लेकर मुझे व्हाट्सएप भेजें संबंधितों के विरूद्ध उनके घर-दुकान जाकर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

जनता कालोनी के निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया गया कि नाले पर अतिक्रमण होने से काफी संकरा हो गया है इससे बारिश का पानी रहवासी क्षेत्रों में भरता है। इस पर निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट की जाए। जनता कालोनी के पीछे वाली लाइन में कुछ कच्चे शौचालयों की जानकारी प्राप्त होने पर निगम आयुक्त ने शौचालयों का सर्वे कर संबंधितों को नोटिस दिए जाने के भी निर्देश दिए।

स्वदेश २५/७/२१

**अनदेखी** • मेंटेनेंस के अभाव में कई मार्केट हो रहे जर्जर, व्यापारियों को खस्ताहाल होती दुकानों की खुद ही कराना पड़ रही मरम्मत

# अच्छी कमाई के लिए नगर निगम पुराने मार्केट को संवार रहा, शहर के अन्य बाजार की चिंता ही नहीं

## मेंटेनेंस नहीं होने से हादसे भी हो रहे, जिम्मेदार चुप

## नगर निगम हर महीने किराया वसूल रहा, सुभाष कॉम्पलेक्स की दुकानों की नीलामी की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के सबसे बड़े मार्केट सुभाष काम्पलैक्स की दुकानों की नीलामी के लिए होने जा रही है। इससे नगर निगम रंगाई, पुताई और मरम्मत कराकर इसे संवार रहा है ताकि यहां स्थित 99 दुकानों की नीलामी कर लाखों की कमाई की जा सके। निगम का ध्यान इस मार्केट की तरफ तो है लेकिन अन्य मार्केट की तरफ उसका फोकस नहीं है। इससे हर महीने किराया चुकाना के बावजूद कारोबारी जर्जर मार्केट में काम कर रहे हैं।

नगर निगम के शहर में 15 मार्केट हैं। इनमें 500 से ज्यादा दुकानें हैं। निगम इनसे हर महीने 350 से 2000 रुपए हर महीने किराया वसूलता है। हर महीने किराया वसूलने के बाद भी मेंटिनेंस की तरफ निगम का ध्यान नहीं है। नतीजतन कहीं बारिश का पानी टपक रहा है तो कहीं छज्जा गिर रहा है। अब स्थिति यह हो गई है कि किराया चुकानें के बावजूद व्यापारियों को खुद ही मरम्मत कराना पड़ रही है। कई मार्केट की तो यह हालत है कि जल्द ही रिपेयरिंग नहीं की तो हादसा हो सकता है।



माणकचौक स्थित मार्केट जिसकी छत का आगे का छज्जा कई बार गिर चुका है। बावजूद निगम को रिपेयरिंग की चिंता नहीं है।

### दो लोग हो चुके हैं घायल फिर भी ये हाल है

छज्जा गिरने से हादसे भी हो रहे हैं। एक साल पहले नगर निगम के भुट्टा बाजार स्थित मार्केट का छज्जा गिरा था। इससे कारोबार करने वाले मोहम्मद जुनैद और मोइन खान घायल हुए थे। जिस समय बाजार चल रहा था उस समय छज्जा गिरा था। आए दिन यही स्थिति रहती है और मेंटिनेंस नहीं होने से छज्जे गिर रहे हैं। वहीं मानव सेवा समिति के बाहर स्थित मार्केट, जिला अस्पताल मार्केट सहित अन्य मार्केटों की यही हाल है और इनके भी छज्जे गिर चुके हैं।



ये है सैलाना बस स्टैंड स्थित मार्केट। नगर निगम ने पहले तो इसे पूरा नहीं बनाया और जितना बना है उतने का मेंटिनेंस भी नहीं कराया जा रहा है।

### रिपेयरिंग के लिए निगम क्या हादसे के इंतजार में है

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और व्यापारी राकेश आचार्य ने बताया नगर निगम ने मार्केट बनाए हैं। निगम किराया तो हर महीने वसूल रहा है लेकिन मेंटिनेंस में एक रुपया भी खर्चा नहीं किया जा रहा है। इससे दुकानों में पानी टपक रहा है और कारोबारी जैसे तैसे कारोबार कर रहे हैं। यह स्थिति है कि व्यापारियों को खुद ही रिपेयरिंग कराना पड़ रही है। जब निगम किराया वसूल रहा है तो फिर मेंटिनेंस क्यों नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी कमाई करना है तो निगम पुराने मार्केट सुभाष कॉम्प्लेक्स को संवार रहा है।

### इन मार्केट की तरफ निगम का ध्यान नहीं

- नित्यानंद मार्केट, शहर सराय
- मुख्य डाकघर के सामने स्थित मार्केट
- माणकचौक लाइब्रेरी मार्केट
- स्टेडियम मार्केट, स्टेडियम रोड
- कोठारी मार्केट, दो बत्ती
- मानव सेवा समिति के पास मार्केट, जिला अस्पताल के पास
- जावरा फाटक अंडरब्रिज मार्केट
- आजाद चौक, मार्केट
- आबकारी चौराहा स्थित मार्केट
- न्यू रोड स्थित मार्केट
- बाजना बस स्टैंड मार्केट
- मिशन कपाउंड के बाहर स्थित मार्केट
- भुट्टा बाजार मार्केट

दै.भास्कर 24/9/21

नए मकानों को भी सीवरेज से जोड़ा जाएगा, कल मुख्यमंत्री ने सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का ई-लोकार्पण किया

# शुरु हुआ सीवरेज सिस्टम, शहर का गंदा पानी बाहर पहुंच जाएगा

2/5

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर के सभी करीब 45 हजार घरों के गंदे पानी को अंडरग्राउण्ड ही शहर से बाहर करने के लिए सीवरेज सिस्टम अब चालू हो गया है। पहले फेस में करीब 20 हजार मकानो को जोड़ा गया है, जबकि शेष बचे मकानों को जोडने का काम चल रहा है। इसके साथ ही नए बन रहे मकानों को भी सीवरेज से जोड़ने की व्यवस्था रखी गई है। कल मुख्यमंत्री ने शहर की महत्वपूर्ण सीवरेज योजना का ई-लोकार्पण किय। रतलाम शहर को गन्दे पानी से मुक्त किये जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोडा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया।

ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां एलईडी टी.वी.के माध्यम से



जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मशाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना। इसके पश्चात राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, श्रीमती सीमा टांक, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा मयूर पुरोहित, सुनील सारस कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हे राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीव ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन दबाकर प्रारंभ किया गया।

## नवीन कर्मशाला का निर्मा

अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर 14154.00 लाख की संचालन एवं संध सहित सीवरेज योजना व अमृत योजन डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्म का निर्माण किया गया है। इस अवस उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक अ श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. च राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर नागरिक उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस 24/7/21

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का किया ई-लोकार्पण

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम



शहर को गन्दे पानी से मुक्त किये जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोडा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया।

ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां एलईडी टी.वी. के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मषाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना।

इसके पश्चात राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, श्रीमती सीमा टांक, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा मयूर पुरोहित, सुनील सारस्वत, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया।

अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर में 14154.00 लाख की संचालन एवं संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित नागरिक उपस्थित थे। सिंघम 23

सिंघम 23/9/21

# माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का किया ई-लोकार्पण

रतलाम । रतलाम शहर को गन्दे पानी से मुक्त किये जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोडा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया। ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां एलईडी टी.वी. के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मषाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना। इसके पश्चात श्री राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, श्री कन्हैयालाल मौर्य, श्री बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य सर्वश्री भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया।

स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 24/9/21

# जलभराव वाले क्षेत्रों का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

## डेंगू से बचाव हेतु एकत्रित जल निकासी व विशेष सफाई के दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



नगर के ऐसे क्षेत्र जहां दो दिवस पूर्व हुई मूसलाधार बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां एकत्रित वर्षा के पानी की निकासी व विशेष सफाई कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पटरी पार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण निगम अधिकारियों के साथ कर एकत्रित पानी की निकासी, कीटनाशक दवा छिड़काव व विशेष सफाई कराने के निर्देश संबंधितों को दिये ताकि डेंगू, मलेरिया व वर्षा जनित बीमारियों को रोका जा सकें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रातः जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूसलाधार बारिश से उत्पन्न हुई समस्याएँ नागरिकों से जानकार निर्देशित किया कि एकत्रित बारिश के पानी की निकासी के समुचित प्रबंध किये जाये साथ ही बारिश के पानी के बहाव के साथ आई कचरा, गंदगी व कीचड़ की विशेष सफाई त्वरित गति से करवाई जाये साथ ही सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जाये।

जवाहर नगर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के पीछे निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया कि कतिपय नागरिकों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से कहा कि वे कचरा डालने वाले का फोटो लेकर मुझे व्हाट्स एप भेजें संबधितों के विरूद्ध उनके घर-दुकान जाकर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

जनता कालोनी के निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया गया कि नाले पर अतिक्रमण होने से काफी संकरा हो गया है इससे बारिश का पानी रहवासी क्षेत्रों में भरता है, इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट की जाये। जनता कालोनी के पीछे वाली लाईन में कुछ कच्चे शौचालयों की जानकारी प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने शौचालयों का सर्वे कर संबंधितों को नोटिस दिये जाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड दरोगा आदि उपस्थित थे।

अवन्तिका।

अवन्तिका २४/९/२१

# जलभराव वाले क्षेत्रों का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

नगर के ऐसे क्षेत्र जहां दो दिवस पूर्व हुई मूसलाधार बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां एकत्रित वर्षा के पानी की निकासी व विशेष सफाई कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पटरी पार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण निगम अधिकारियों के साथ कर एकत्रित पानी की निकासी, कीटनाशक दवा छिड़काव व विशेष सफाई कराने के निर्देश संबंधितों को दिये ताकि डेंगू, मलेरिया व वर्षा जनित बीमारियों को रोका जा सके।

**डेंगू से बचाव हेतु एकत्रित जल निकासी व विषेश सफाई के दिए निर्देश**

निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रात: जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूसलाधार बारिश से उत्पन्न हुई समस्याएं नागरिकों से जानकार निर्देशित किया कि एकत्रित बारिश के पानी की निकासी के समुचित प्रबंध किये जाये साथ ही बारिश के पानी के बहाव के साथ आई कचरा, गंदगी व कीचड़ की विशेष सफाई त्वरित गति से करवाई जाये साथ ही सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जाये।

जवाहर नगर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के पीछे निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया कि कतिपय नागरिकों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से कहा कि वे कचरा डालने वाले का फोटो लेकर मुझे व्हाट्स एप भेजें संबंधितों के विरूद्ध उनके घर-दुकान जाकर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

जनता कॉलोनी कें निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया गया कि नाले पर अतिक्रमण होने से काफी संकरा हो गया है, इससे बारिश का पानी रहवासी क्षेत्रों में भरता है, इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट की जाए। जनता कालोनी के पीछे वाली लाईन में कुछ कच्चे शौचालयों की जानकारी प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने शौचालयों का सर्वे कर संबंधितों को नोटिस दिए जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान व वार्ड दरोगा आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 25/9/21

अग्निबाण 01-23

नए मकानों को भी सीवरेज से जोड़ा जाएगा, कल मुख्यमंत्री ने सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का ई-लोकार्पण किया

# शुरु हुआ सीवरेज सिस्टम, शहर का गंदा पानी बाहर पहुंच जाएगा



● रतलाम

**शहर के सभी करीब ४५ हजार घरों के गंदे पानी को अंडरग्राउण्ड ही शहर से बाहर करने के लिए सीवरेज सिस्टम अब चालू हो गया है। पहले फेस में करीब २० हजार मकानो को जोड़ा गया है, जबकि शेष बचे मकानों को जोडने का काम चल रहा है। इसके साथ ही नए बन रहे मकानों को भी सीवरेज से जोड़ने की व्यवस्था रखी गई है। कल मुख्यमंत्री ने शहर की महत्वपूर्ण सीवरेज योजना का ई-लोकार्पण किय।**

रतलाम शहर को गन्दे पानी से मुक्त किये जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोडा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया। ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां एलईडी टी.वी. के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मपाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना। इसके पश्चात राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, श्रीमती सीमा टांक, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा मयूर पुरोहित, सुनील सारस्वत, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया। अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर में 14154.00 लाख की संचालन एवं संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित नागरिक उपस्थित थे।

अग्निबाण 23/9/21

प्रदेश निकायों में रतलाम के कार्यों ने बंटोरे अवॉर्ड

**स्वच्छता की बुनियाद** अभियान में रतलाम को उपलब्धि

# शहर से कचरा संग्रहण में दूसरा तो खाद बनाने में पायदान तीसरा

**शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ**

## नगरीय प्रशासन मंत्री से भोपाल में आयुक्त ने लिए अवॉर्ड

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले रतलाम नगर निगम के दो महत्वपूर्ण कार्यो ने प्रदेशभर के निकायों में श्रेष्ठता साबित की है। स्वच्छता की बुनियाद प्रोग्राम के तहत रतलाम को कचरा संग्रहण में प्रदेश में दूसरा तो एकत्रित कचरे से खाद बनाने में तीसरा पायदान हासिल हुआ है। भोपाल में प्रदेश के नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री भूपेन्द्रसिंह ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को अवॉर्ड प्रदान किए। रतलाम शहर की इस उपलब्धि पर मंत्री के साथ ही निकाय विभाग के प्रशासनिक अफसरों के साथ जिला कलेक्टर ने भी बधाई दी है।

रतलाम शहर में सुबह 6 बजे से रात 12 तो कभी 2 बजे तक स्वच्छता के लिए काम करने पर रतलाम नगर निगम को पुरस्कार मिला है। गुरुवार को भोपाल में स्वच्छता की बुनियादअभियान अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन पर पुरस्कार दिए गए। प्रदेश की 16 नगर निगम में रतलाम को टॉप 5 में स्थान मिला है। कचरा संग्रहण में बेहतर कार्य करने पर दूसरा तो कचरे से खाद बनाने पर तीसरा पायदान हासिल हुआ। पुरस्कार प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्रसिंह ने दिए। कचरा संग्रहण में पहले नंबर पर सिंगरोली निगम रही हैं। शहर में मुख्य स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया लगातार शहर को स्वच्छता की देशभर की रैंकिंग में नंबर एक बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए स्वयं निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक-एक वार्ड में जाकर कचरा संग्रहण वाहनों की ट्रेपिंग की। इसके अलावा इनमें जीपीएस लगवाए जिससे वे कहां है यह पता चल सके। प्रशासक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वयं सफाई के लिए कई बार गहन समीक्षा कर व्यवस्थागत निर्देश भी दिए। इस सभी कार्यो और निगम टीम ने कार्य किया। पुरस्कार वितरण के दौरान आयुक्त झारिया के साथ कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी भी उपस्थित थे।

**श्रेणी:** शहर से गीला-सूखा कचरा संग्रहण

**उपलब्धि:** प्रदेश के निकायों में 02 नंबर पर

कार्य मंत्र: ट्रीपल एस...सख्ती, समझाइश और संसाधन

**ऐसे किया कार्य:** निगम आयुक्त कई बार वार्डो में पहुंचे व आमजन से सीधे बात कर स्वच्छता की समझाइश दी। वार्ड के सफाई कर्मचारी से लेकर दारोगा तक को लापरवाही दिखने पर निलंबित किया गया। संसाधन में मैजिक वाहन के चालक में फुर्ती लाने के लिए आयुक्त कई बार नगर निगम सुबह कभी 6 तो कभी 7 बजे पहुंचे व कचरा वाहनों को निकलवाया। कचरा वाहन वार्डो में गए या नहीं, यह देखने भी गए। इसके अलावा गीला व सूखा कचरा अलग-अलग हो इसके लिए आमजन को प्रेरित किया। वाहन चालको से बात भी की गई।

**श्रेणी:** संग्रहित कचरे का निष्पादन

**उपलब्धि:** प्रदेश के निकायों में 03 नंबर पर

कार्य मंत्र: ट्रीपल आर...रोजगार, स्वाद और रणनीति

**ऐसे किया कार्य:** कचरा संग्रहित करने के बाद इससे खाद बनाना इतना आसान नहीं था। कपोस्ट याने की कचरे से खाद बनाने के लिए जरूरी था कि गीता व सूखा कचरा अलग-अलग किया जाए। इसके लिए रोजगार देते हुए कचरा संग्रहित करने वाली महिलाओं को आगे किया गया। महिलाएं शहर में घूम घूम कर कचरा व पन्नी जुटाने का कार्य करती थी, उनको नगर निगम ने रोजगार दिया व गीला-सूखा कचरा को अलग करने के कार्य में लगाया। फिर खाद निर्माण कार्य की शुरुआत तब हुई जब शहर में लॉकडाउन लगा हुआ था।



भोपाल में आयुक्त झारिया, मंत्री भूपेंद्रसिंह से पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

## अब मुख्य परीक्षा की तैयारी में मिलेगी उर्जा

बुनियादी स्वच्छता प्रोग्राम में रतलाम नगर निगम ने बेहतर करते हुए आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की मुख्य परीक्षा के लिए खुद को मजबूत किया है। निगम टीम को इससे उर्जा मिलेगी। हालांकि मुख्य सर्वेक्षण के टॉप-05 में आने का लक्ष्य बड़ा है, लेकिन अफसरों का समन्वय और जनता का सहयोग बढ़ाकर ये पाया जा सकता है।

## जागरूकता के लिए एनजीओ की सेवा

पुरस्कार मिला है, यह प्रसन्नता की बात है। फिर भी हमारा मानना है शहर में स्वच्छता में सुधार के लिए आमजन की भागीदारी की अतिरिक्त जरुरत है। इसके लिए हम जल्दी एनजीओ की सेवाएं लेने जा रहे है। **- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर व निगम प्रशासक

इतने समय से की गई मेहनत सार्थक हो गई। पूरे रतलाम की इसके लिए जय हो। सभी से आग्रह है कि देश में सफाई के लिए नंबर एक पर आएं, इसके लिए और बेहतर सहयोग करें। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 24/7/21

# वैक्सीनेशन के वार्डवार कैंप आज और कल

## 24 सितंबर को वार्ड 25 से 36 तक व 25 को वार्ड 37 से 49 में विशेष टीकाकरण कैंप लगेगा




रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 25 सितंबर तक वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक वैक्सीनेशन किया गया। 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक व 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं व जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है, वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं।

### आज यहां होंगे वैक्सीनेशन

24 सितंबर को सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा यूपीएचसी, जमातखाना शेरानीपुरा, दिलीप नगर यूपीएचसी, डीआरपी लाइन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायंस हाल, टीआइटी रोड यूपीएचसी, मेहंदी कुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) यूपीएचसी गणेश नगर, यूपीएचसी हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट।

### कल यहां होंगे वैक्सीनेशन

25 सितंबर को ला कालेज आनंद कालोनी, जमातखाना शेरानीपुरा, जिला चिकित्सालय, कन्या विद्यालय कोठारीवास, माणकचौक स्कूल, मोहन टाकीज, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, बोहरा बाखल कम्युनिटी हाल, जाट धर्मशाला, आइएमए हाल, कुरैशी मंडी मदरसा, विनोबा स्कूल हाट की चौकी, सिखवाल समाज धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल तथा एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

### घर-घर जाकर लोगों को लगा रहे टीके

करिया। प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। समीपस्थ गांव बोदीना में गुरुवार को स्वास्थ्य अमले ने घर-घर पहुंचकर प्रथम व सेकंड डोज से वंचित 53 लोगों को टीका लगाया। इनमें अधिकांश वृद्ध थे। स्वास्थ्य अमले के डोर टू डोर टीकाकरण अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, आंगनबाड़ी व पंचायत अमले ने भी सहयोग दिया। सीएचओ प्रिया मालवीय, एएनएम सुधा राठौर, आशा कार्यकर्ता संगीता जाट, श्याम भारती, विक्रम बैरागी आदि उपस्थित थे। नोडल अधिकारी कैलाश नारायण भाटी ने बताया कि अब गांव के इक्का-दुक्का लोग टीकाकरण से वंचित है, जो किन्हीं कारणों से गांव से बाहर है।



बोदीना में घर पहुंचकर वंचित बुजुर्ग को टीका लगाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

### अस्थायी चेकिंग पाइंट बनाकर लगा रहे वैक्सीन

सैलाना। क्षेत्र में कोविड-19 महामारी को पूरी तरह खत्म करने के लिए नगर के महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार पर अनुविभागीय अधिकारी कामनी ठाकुर ने अस्थायी चेकिंग पाइंट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उसमें बैठे लोगों से वैक्सीनेशन की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही लोगों को आने-जाने दिया जा रहा है। इस अस्थायी चेकिंग पाइंट की मानिटरिंग एसडीएम दिन में तीन-चार बार मौके पर जाकर कर रही है। यहा तैनात नोडल अधिकारी धर्मेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि वाहनों को रोककर तफ्तीश करने के बाद यदि किसी को टीका नहीं लगा है तो चेकिंग स्थल पर ही उन्हें कोविड-19 का टीका लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की आशा धबाई, स्वाति परिहार, अध्यापक योगेश कसे[illegible] रोडीराम प्रजापत, सुरेंद्रसिंह हाडा, आरक्षक दिलीप चौहान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेहाना शेख, हेमा कसेरा, शांतिबाई सेवाएं दे रहे है। एसडीएम ठाकुर का कहना है कि क्षेत्र से कई लोग बाहर काम करने के लिए जा रहे है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए कोरोना का टीका लगा होना अतिआवश्यक है।



कोटड़ा के चेकिंग पाइंट पर टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी स्वाति परिहार।

नईदुनिया 24/9/21

**रतलाम शहर अब 100% वैक्सीनेटेड** • 18 से 44 साल के 8% युवाओं ने अब तक शहर में नहीं लगवाई है वैक्सीन

# मतदाता सूची से ज्यादा लोगों को लग चुके टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लंबे समय से जिस लम्हे का इंतजार था, अब वह करीब है। हमारा शहर 100% वैक्सीनेटेड हो गया है। मतदाता सूची के मान से 100.15% लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। अब वैक्सीन लगवाने के लिए गर्भवती या बीमार रह चुके लोग ही आ रहे हैं। इधर जिला प्रशासन भी जल्द वैक्सीनेटेड शहर की घोषणा कर सकता है।

रतलाम शहर में मतदाता सूची के मान से 2,29,178 लोगों को वैक्सीन लगना थी लेकिन सभी वर्गों में 2,29,516 लोगों ने टीके लगवा लिए हैं। जो पूरे जिले में सबसे ज्यादा है। इस मान से ही 100.15% लोगों को वैक्सीन लग गई है। इधर 45+ उम्र वर्ग में 104.05% लोगों ने टीका लगवा लिया है। मतदाता सूची में 79,908 लोगों को टीके लगने थे लेकिन अब तक 83,145 लोगों ने टीके लगवा लिए हैं। बुजुर्ग भी अब वैक्सीनेशन के लिए नहीं बचे हैं। 18+ की उम्र के 1,49,269 लोगों को टीके लगने थे लेकिन 1,36,759 लोगों को ही वैक्सीन लगी है। इधर वैक्सीन लगाने फील्ड पर जा रहे लोगों का कहना है कि बीमार को छोड़कर युवा वर्ग में सभी ने वैक्सीन लगवा ली है। कई युवा पढ़ाई के लिए शहर से बाहर रहते हैं, ऐसे में वे भी वैक्सीनेटेड हो चुके हैं। गर्भवती भी इनमें शामिल रहती है।

भास्कर

## शहर से बाहर पढ़ाई कर रहे, ऐसे में ज्यादातर वैक्सीनेटेड, 45+ के सभी लोग वैक्सीनेटे

### कहां कितना वैक्सीनेशन

| शहर | प्रतिशत |
|---|---|
| रतलाम शहर | 100.15% |
| जावरा | 95.52% |
| आलोट | 91.02% |
| सैलाना | 86.03% |
| रतलाम ग्रामीण | 85.85% |
| पिपलौदा | 77.87% |
| बाजना | 70.82% |
| जिला | 88.79% |

### जल्द हो सकती है वैक्सीनेटेड शहर की घोषण

इधर, जिला प्रशासन भी जल्द ही वैक्सीनेटेड शहर की घोषणा कर सकता है। संभवतः इस दो से तीन दिन में घोषणा हो जाएगी। गर्भवती महिला अभी वैक्सीनेटेड होने से बाकी है, कई महिलाएं टीका लगवाने भी नहीं आ रही हैं। रतल शहर में 7905 गर्भवती महिला है इनमें से 1540 ने वैक्सीन लगवा है, जो 19.48% ही हैं। विभाग व लक्ष्य अब इस ग्रुप के वैक्सीनेशन की है।

### इंतजार कर रहे... पहला टीका लगवाने लोग नहीं आ रहे

वैक्सीनेशन के शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया कि हम इंतजार कर रहे हैं लेकिन लोग पहला टीका लगवाने नहीं आ रहे हैं। शहर में सभी ल ने लगवा लिया है। अब लोग बचे ही नहीं हैं। बुजुर्गों को लग चुका है, अ सिर्फ गर्भवती, बीमार या दूध पिलाने वाली महिलाएं वैक्सीन के लिए अ रही हैं जिनकी संख्या बहुत कम है।

दै. भास्कर 24/9/21



# रतलाम नगर को एमआरएफ में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट में मिला तीसरा स्थान

रतलाम। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान

**▸ स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत**

कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत २५/७/२१

## स्वच्छता की बुनियाद अभियान में रतलाम पुरस्कृत



रतलाम | प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान में नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में दूसरा व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) में तीसरा स्थान मिला है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय विकास ने आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित अन्य मौजूद थे। भास्कर

दै. भास्कर २५/७/२१

## स्वच्छता की बुनियाद रतलाम पुरस्कृत

रतलाम। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला व स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम ने एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगरीय विकास व आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह जी व नगरीय विकास ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

## 94 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। गुरुवार को 94 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। नई।

**स्वच्छता रैंकिंग** • पीथमपुर, खाचरौद, पांढुर्ना और नरसिंहपुर को अलग-अलग श्रेणी में मिला पहला स्थान

# 'स्वच्छता की बुनियाद' अभियान में सिंगरौली-छिंदवाड़ा आगे

### रैंकिंग में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले पांच बड़े नगर निगम इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को नहीं किया गया शामिल

भास्कर न्यूज | भोपाल

प्रदेश की स्वच्छता रैंकिंग में सिंगरौली व छिंदवाड़ा नगर निगम सबसे आगे रहे। सिंगरौली को दो श्रेणियों और छिंदवाड़ा को एक श्रेणी में सबसे ज्यादा अंक मिले हैं। नगर पालिकाओं में पांढुर्ना व पीथमपुर, नरसिंहपुर और खाचरौद को अलग-अलग श्रेणी में पहला स्थान मिला। वहीं, नगर परिषदों में सैलाना दो श्रेणियों और शाहगंज एक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रहे।

इस रैंकिंग में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले पांच बड़े नगर निगम भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर व उज्जैन को शामिल नहीं किया गया। देश के स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रदेश में तीन श्रेणियों में रैंकिंग देने की शुरुआत की गई है। इन श्रेणियों में फीकल स्लज ट्रीटमेंट



प्लांट (एफएसटीपी), मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी (एमआरएफ) और कम्पोस्टिंग यूनिट शामिल हैं। हर तीन महीने में निकायों की रैंकिंग की जाएगी। इसमें स्वच्छता के लिए बनाए गए इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच कर अंक दिए जाते हैं। जिन निकायों ने उन व्यवस्थाओं को मैंटेन रखने के लिए अच्छा काम किया है, उन्हें उतने ज्यादा अंक मिलते हैं। इससे स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश के निकायों को फायदा मिलेगा। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को 'स्वच्छता की बुनियाद' अभियान के परिणाम घोषित किए। कुल 36 निकायों को 76 पुरस्कार दिए गए। इसमें राज्य स्तर के 29 और संभाग स्तर के 42 सम्मान हैं। भास्कर

## अच्छी रैंकिंग पर कर्मचारियों को प्रमोशन, साथ में चेतावनी भी

सिंह ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के साथ अन्य विकास कार्यों में अच्छी रैंकिंग लाने वाले निकाय के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमोशन में प्राथमिकता देने पर विचार किया जाएगा। साथ ही चेतावनी भी दी कि निकाय का काम सिर्फ स्वच्छता ही नहीं है। अन्य कामों पर भी उन्हें ध्यान देना है। बेहतर काम नहीं करने वाले निकायों में बदलाव भी किया जाएगा। कई विषयों व प्रावधानों के बारे में निगम अधिकारियों को जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा अब से सिर्फ राज्य स्तर की रैंकिंग दी जाएगी, संभाग स्तर की नहीं। निकायों को रैंकिंग की सभी श्रेणियों के लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

**नगर निगम वर्ग**

| रैंकिंग | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| एफएसटीपी श्रेणी | छिंदवाड़ा | खंडवा | सागर |
| एमआरएफ श्रेणी | सिंगरौली | रतलाम | देवास |
| कम्पोस्टिंग यूनिट | सिंगरौली | छिंदवाड़ा | रतलाम |

**नगर पालिका वर्ग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| एफएसटीपी श्रेणी | पांढुर्ना | अशोकनगर व पीथमपुर | नागदा |
| एमआरएफ श्रेणी | नरसिंहपुर | धनपुरी व पीथमपुर | दमुआ |
| कम्पोस्टिंग यूनिट | खाचरौद | दमुआ | छतरपुर |

**नगर परिषद श्रेणी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| एफएसटीपी श्रेणी | सैलाना | शाहगंज | पिपलियामंडी |
| एमआरएफ श्रेणी | शाहगंज | पिपलिया मंडी | मुंगावली |
| कम्पोस्टिंग यूनिट | सैलाना | अथाना | पिपलिया मंडी |

दै.भास्कर २४/७/२१

# सफाई कार्य हेतु वार्डो में हाथ गाड़ियों का वितरण



रतलाम। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई हाथ गाड़ियों का वितरण उपायुक्त विकास सोलंकी व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड दरोगाओं को किया गया।

नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में 2-2 हाथ गाड़ियों का वितरण किया गया जिससे सफाई कार्य में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड दरोगा उपस्थित थे। सिंघम - 23

सिंघम 23/9/21

# निजी पेथालॉजी लेबोरेटरी में डेंगू की जांच हेतु की दरें तय की गई : कलेक्टर

प्रसारण

प्रसारण न्यूज • रतलाम

## निजी और सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक पीरियड में डेंगू से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा देना अनिवार्य

जिले के निजी पैथालॉजी लेब संचालकों एवं नर्सिंग होम संचालकों की बैठक न्यू कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निजी लेब संचालकों की बैठक में कहा कि डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के कारण मरीजों से डेंगू की जांच हेतु मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित शुल्क ही लिया जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश एवं निजी पैथालॉजी लेब संचालकों की सहमति के आधार पर डेंगू संबधी प्लेटलेट की जांच हेतु 100 रूपए, प्लेटलेट सहित सीबीसी परीक्षण के लिए 250 रूपए, डेंगू की जांच हेतु 600 रूपए, विडाल जांच हेतु 100 रूपए बीएमपी अर्थात मलेरिया परीक्षण के लिए 80 रूपए की राशि का चार्ज निजी पैथोलॉजी हेतु निर्धारित किया गया है, इससे अधिक राशि लेने वाले लेब संचालकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आमजन से आग्रह किया है कि निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज अथवा उसके परिजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की उपलब्धता एवं डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। निजी अस्पताल एवं पैथालॉजी लेब संचालको ने डेंगू से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, ओआईसी हेल्थ डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा निजी नर्सिंग होम संचालक एवं पैथालॉजी संचालक उपस्थित रहे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक के दौरान जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलो मे प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड मे बच्चो को डेंगू से बचाव हेतु स्कूली शिक्षको द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए जिसमे डेंगू से बचाव के तरीको की जानकारी विस्तार से दी जाए। विद्यार्थी स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने परिवार जनों को डेंगू से बचाव के बारे मे जानकारी देंगे। सभी



आमजन अपने घरों के आसपास पानी इकटठा ना होने दें।
गमलों मे भरे पानी को खाली करें एव छत पर पानी बिल्कुल इकटठा ना होने दें। डेंगू का मच्छर रूके हुए पानी मे पनपता है। घरों के आसपास यदि पुराने टायर आदि हो तो उनको तत्काल हटा देना चाहिए। कोई भी बुखार होने पर अपने नजदीकि सरकारी अस्पताल मे जॉच उपचार कराऐं।

प्रसारण २४/९/२१

निर्देश 3 घंटे भ्रमण के, अधिकारी घर पर रहे

# आयुक्त ने मोबाइल पर पूछा कहां हो, जवाब मिला घर में, फोन पर दिया निलंबन का नोटिस




**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम के प्रकाश विभाग प्रभारी उपयंत्री एमके जैन को मोबाइल लगाकर सवाल किया कहां हो, जब अधिकारी ने जवाब दिया कि घर पर हूं तो फोन पर ही निलंबन क्यों नहीं किया जाए का कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया।

शहर में एक हजार से बिजली के पोल पर एलइडी पर अंधेरे के चलते पत्रिका द्वारा चलाए गए अभियान को सफलता मिली है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रकाश विभाग के प्रभारी एमके जैन को निर्देश दिए थे कि प्रतिदिन शाम को 6 बजे से रात 9.30 बजे तक शहर का भ्रमण करें, लेकिन उन्होंने नहीं किया। इसके बाद आयुक्त झारिया ने बुधवार रात करीब 9 बजे प्रकाश विभाग प्रभारी जैन को मोबाइल लगाया। जब सवाल किया गया कि कहां पर हो तो बजाए मैदान में रहने के अधिकारी अपने घर में सुस्ता रहे थे। इसके बाद ही आयुक्त ने निलंबन का नोटिस के साथ वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस जारी किया है।

## एक माह में दूसरी बार

यह पहली बार नहीं है कि उपयंत्री जैन को इस प्रकार का नोटिस मिला है। एक माह में दूसरी बार इस प्रकार का नोटिस जारी किया गया है। इसके पूर्व जब कलेक्टर राममंदिर क्षेत्र से निकल रहे थे तब सड़क पर अंधेरा देखकर उन्होंने कार्रवाई करने के निर्देश आयुक्त झारिया को दिए थे। तब भी वेतन वृद्धि रोकने का सूचना पत्र जारी हुआ था।

## इधर तीन दिन में 200 में सुधार

तीन दिन में 200 एलइडी में सुधार किया गया है। यह कार्य तेजी से चल रहा है। प्रकाश विभाग के प्रभारी उपयंत्री को वेतन वृद्धि रोकने सहित निलंबन का शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।
**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 24/9/21

# द्वारका रेसीडेंसी : अटक जाएंगे निवेशकों के करोड़ों रुपए

मनमर्जी का निर्माण

द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला

## बैंक कर रही समीक्षा, मंजूरी निरस्त होने से पहले खींचे हाथ



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. द्वारका रेसीडेंसी में 128 फ्लैट में से 30 फ्लैट पर जो कर्ज निवेशकों के बैंक ने मंजूर किए थे उनको होल्ड करने की तैयारी हो रही है। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करके कानूनी विवाद में आ गई द्वारका रेसीडेंसी के लिए जिन लोगों ने कर्ज के आवेदन दिए थे, उनको होल्ड किया जा रहा है। जिन लोगों ने फ्लैट की बुकिंग 2 से लेकर 5 लाख रुपए टोकन राशि देकर की थी, अब आने वाले दिनों में उनकी भी परेशानी बढ़ने वाली है। इसके अलावा द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण में जिन 7 से 8 लोगों ने रुपए का निवेश किया था, अब उनकी भी परेशानी बढ़ने वाली है।

असल में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने 15 सितंबर को द्वारका रेसीडेंसी के बिल्डरों द्वारा लगाई गई उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमे मांग की गई थी की द्वारका रेसीडेंसी के सामने लगाए गए एंगल हटाए जाए व आने जाने के लिए आम रास्ता का उपयोग करने की मंजूरी दी जाए। इस सहित अन्य मांग को कोर्ट ने याचिका में सुनवाई के योग्य ही नहीं पाया। अब सोमवार देर शाम तक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारका रेसीडेंसी सहित बाहर की 15 हजार वर्गमीटर सरकारी भूमि के लिए बड़ा निर्णय लेने वाले है।

### बैंक की तैयारी तेज

असल में शहर की दो से तीन बैंक ने द्वारका रेसीडेंसी में फ्लैट लेने वालों को आयकर फाइल के आधार पर कर्ज देने की मंजूरी दे दी थी। इनमे से कुछ को कर्ज दे दिया गया था। अब करीब 30 फ्लैट की कर्ज की फाइल को रोका जा रहा है। बताया जा रहा है कि बैंक ने तय किया है कि जब तक कानूनी रुप से अंतिम निवारण नहीं हो जाए तब तक किसी को कर्ज द्वारका रेसीडेंसी की योजना में नहीं दिया जाएगा।

### बैंक को है अधिकार

बैंक को यह अधिकार है कि वो अपने रुपए की सुरक्षा को देखें। ऐसे में द्वारका रेसीडेंसी के मामले में जब तक कानूनी रुप से अंतिम निराकरण नहीं होगा, तब तक कोई बैंक कर्ज देने में संकोच करेगी। - **हिम्मत गेलड़ा**, पूर्व लीड बैंक प्रबंधक

पत्रिका

पत्रिका / 24/9/21

# कोरोना से बचाव के लिए शहर में आज इन क्षेत्रों में होगा वैक्सीनेशन

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे।

एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि आज शहर में सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाडा युपीएचसी, जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर युपीएचसी, डीआरपी लाईन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायन्स हालर, टीआईटी रोड युपीएचसी, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) युपीएचसी गणेश नगर, युपीएचसी हाकिमवाडा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। २१५

२१५ एक्सप्रेस २४/९/२१

## शहर में आज यहां होगा वैक्सीनेशन

रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत रतलाम शहर में 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया 24 सितंबर को शहर में सब्जीफरोश जमात खाना, हाकिमवाडा यूपीएचसी जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर यूपीएचसी, डीआरपी लाईन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायन्स हाल, यूपीएचसी, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकपुरी कम्यु निटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती के लिए) यूपीएचसी गणेश नगर, यूपीएचसी हाकिमवाडा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट पर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

पत्रिका २४/९/२१

## शहर में आज यहां वैक्सीनेशन होगा

रतलाम | शहर में वैक्सीन से बचे लोगों को टीका लगाने के लिए वार्डवार विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया 24 सितंबर को सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र, जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर स्वास्थ्य केंद्र, डीआरपी लाइन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम ऑफिस, लायंस हॉल, टीआईटी रोड स्वास्थ्य केंद्र, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जिला अस्पताल, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर, हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट पर वैक्सीन लगवा सकते हैं।

द. भास्कर २४/९/२१

## शहर में आज यहां होंगे वैक्सीनेशन

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे है। रतलाम शहर में 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे ! एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 24 सितंबर को शहर में सब्जीफरोश जमातखाना, हकिमवाड़ा यूपीएचसी, जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर यूपीएचसी, डीआरपी लाईन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायन्स हालर, टीआईटी रोड युपीएचसी, मेंहदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सांगोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) युपीएचसी गणेश नगर, युपीएचसी हकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

प्रसारण २४/९/२१

## शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए शहर के हर वार्ड में लग रहे हैं कैम्प

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे । अब तक रतलाम शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। अग्निबाण/२३

अग्निबाण २३/९/२१

## शहर में 23 से 25 सितंबर तक होंगे वैक्सीनेशन के वार्डवार कैंप

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि अब तक रतलाम शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित है एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। सिंहासन - २३

सिंहासन २३/९/२१

# रैंकिंग नहीं सुधरी तो बदलेंगे आयुक्त

## अच्छी रैंकिंग आने पर अधिकारियों–कर्मचारियों को पदोन्नति में दी जाएगी प्राथमिकता

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। तीन महीने में निकायों की रैंकिंग और माहौल में सुधार न लाने वाले आयुक्त और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीएमओ) सहित अन्य अधिकारी बदल दिए जाएंगे। ये बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कही।

वे 'स्वच्छता की बुनियाद' अभियान के तहत गुरुवार को राजधानी में आयोजित नगरीय निकायों के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। वे अधिकारियों के नियम और प्रविधान के कमजोर ज्ञान को लेकर खफा नजर आए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी नियम-प्रविधान नहीं जानते। ऐसे अधिकारियों को उन्होंने काम सुधारने की नसीहत दी है। मंत्री ने साफ कहा कि जिन निकायों में माहौल ठीक नहीं है, वहां सब को बदल देंगे। वहीं अच्छी रैंकिंग आने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति में प्राथमिकता भी देंगे।

मंत्री ने कहा कि निकायों के कार्यों का मूल्यांकन हर तीन माह में होने वाली प्रदेश स्तरीय रैंकिंग से होगा। अधिकारियों के कामकाज पर नगरीय प्रशासन की सीधी नजर रहेगी। उन्होंने रैंकिंग में पिछड़े पांच नगरीय निकायों के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेहतर काम न करने वाले निकायों में बदलाव होगा। जनता हम से ही अपेक्षा करती है। अपेक्षा पर खरा उतरना होगा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के अलावा भी निकायों में काम हैं। उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। लोगों को समग्र विकास की दरकार है। अधिकारियों को सीख देते हुए मंत्री ने कहा कि निकायों के काम को काम की तरह नहीं, मानवता का फर्ज समझकर करना चाहिए। ज्ञात हो कि विभाग संभाग स्तरीय रैंकिंग बंद कर रहा है।

### कचरा प्रबंधन की सीख लेने आंध्र प्रदेश जाएंगे अधिकारी

नगरीय विकास के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार और विकास कार्यों को देखने अधिकारियों की टीम देश के अन्य राज्यों में भेजी जाएगी। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया जाएगा। कचरा संग्रहण में आंध्रप्रदेश ने अनुकरणीय काम किया है।

### दो अक्टूबर से अमृत और स्वच्छ भारत मिशन चरण–दो

मंत्री ने कहा कि दो अक्टूबर से अमृत एवं स्वच्छ भारत मिशन चरण–दो शुरू हो रहा है। जल जीवन मिशन शुरू हो चुका है।

नईदुनिया २५/९/२१